हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 19 सितंबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 गांधी ग्राम तवा कोल माइंस-3 में रेत का हो रहा अवैध...



08 जनप्रतिनिधियों व आमजन ने दीप प्रज्ज्वलित कर पीएम...



आस्था के साथ मानव सेवा का महाअभियानः श्री चिंतामणि गणेश मंडल के पहले रक्तदान शिविर में करीब 40 यूनिट रक्तदान

गणेशोत्सव के 12वें वर्ष में मंडल की अनूठी पहल, कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने की सराहना, आगामी दिनों में शासकीय अस्पताल में रक्तदान करेंगे वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

धार्मिक आस्था को मानव सेवा से जोड़ते हुए श्री चिंतामणि सार्वजनिक गणेश मंडल, बैंक कॉलोनी द्वारा गणेशोत्सव के 12वें वर्ष में पहली बार विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन एवं रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से आयोजित इस शिविर में करीब 40 यूनिट रक्तदान संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर नर्मदापुरम सोमेश मिश्रा उपस्थित रहे। उन्होंने मंडल की इस पहल की सराहना करते हुए अन्य समितियों को भी धार्मिक आयोजनों के साथ मानव सेवा के ऐसे कार्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

वहीं शिविर में रक्तदान के लिए आगे आए नागरिकों, चिकित्सकों, जिला प्रशासन एवं रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग के प्रति आयोजन समिति ने आभार व्यक्त किया।



अतिथियों ने किया रक्तदान के लिए प्रेरित

मंचीय कार्यक्रम में सभापति राकेश जाधव, वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी प्रमोद पगारे, अस्पताल अधीक्षक डॉ. कमलेश कुमरे, उपस्थित चिकित्सकों और कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने नागरिकों को संबोधित किया। वक्ताओं ने रक्तदान के महत्व, जरूरतमंद मरीजों के जीवन की रक्षा में इसकी भूमिका और समाजसेवा के प्रति नागरिकों की जिम्मेदारी पर प्रकाश डाला। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने श्री चिंतामणि सार्वजनिक गणेश मंडल द्वारा पहली बार आयोजित रक्तदान शिविर की सराहना की। उन्होंने अन्य गणेश मंडलों एवं सामाजिक समितियों को भी इस प्रकार के जनसेवा कार्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गहलोत ने रक्तदान के महत्व और इसके स्वास्थ्य संबंधी लाभों की जानकारी देते हुए नागरिकों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया। वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी प्रमोद पगारे ने मंडल की पहल को ऐतिहासिक बताते हुए आयोजन समिति की सराहना की।

श्री चिंतामणि गणेश प्रतिमा के समक्ष पूजन-अर्चन के साथ शुभारंभ

बैंक कॉलोनी स्थित मंडल के पंडाल में आयोजित रक्तदान शिविर की शुरुआत अतिथियों द्वारा श्री चिंतामणि गणेश प्रतिमा के समक्ष विधिवत पूजन-अर्चन के साथ की गई। इसके बाद मंचीय कार्यक्रम में आयोजन समिति की ओर से अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गहलोत, वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी प्रमोद पगारे, सभापति राकेश जाधव, मनजीत कलोसिया, तहसीलदार रामशंकर झरबड़े, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी शासकीय अस्पताल इटारसी के अधीक्षक डॉ. कमलेश कुमरे, डॉ. प्रियंक मिश्रा, डॉ. अनिकेत सिंह, कुलदीप रघुवंशी, गोपाल शर्मा, अभिषेक साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, करणी सेना के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

अगले वर्ष रक्तदान शिविर को सबसे बड़ा आयोजन बनाने का संकल्प



आयोजन समिति ने अतिथियों को आश्वस्त किया कि इस वर्ष मंडल द्वारा रक्तदान शिविर के रूप में एक नई पहल की गई है। अगले वर्ष रक्तदान शिविर को मंडल के सबसे बड़े आयोजन के रूप में आयोजित करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। समिति का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ मानव सेवा की भावना को और मजबूत करना है, ताकि अधिक से अधिक नागरिक रक्तदान से जुड़ें और जरूरतमंद मरीजों की मदद में अपना योगदान दे सकें।

गणेशोत्सव के 12वें वर्ष में श्री चिंतामणि सार्वजनिक गणेश मंडल द्वारा शुरू किया गया यह पहला रक्तदान शिविर आस्था, सामाजिक जिम्मेदारी और मानव सेवा के संगम का संदेश दे गया।

70 से अधिक लोगों ने कराया पंजीयन, करीब 40 यूनिट रक्तदान

शिविर में 70 से अधिक लोगों ने रक्तदान के लिए पंजीयन कराया था। इनमें से करीब 40 यूनिट रक्तदान संपन्न हुआ। हालांकि, कुछ पंजीकृत लोगों के आधार अपडेट और मोबाइल नंबर पर ओटीपी से संबंधित तकनीकी समस्याओं के कारण रक्तदान नहीं हो सका। वहीं, कुछ लोग चिकित्सकीय जांच में रक्तदान के लिए अनफिट पाए गए। आयोजन समिति ने बताया कि जो लोग तकनीकी समस्याओं या अन्य कारणों से शिविर में रक्तदान नहीं कर पाए, वो लोग आगामी दिनों में शासकीय अस्पताल के ब्लड बैंक में जाकर रक्तदान करेंगे। इस तरह रक्तदान के संकल्प को आगे भी जारी रखने का प्रयास किया जाएगा।

खबर संक्षेप

पेंशनर्स प्रदेश उपाध्यक्ष की श्रद्धांजलि सभा आज

नर्मदापुरम। सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ मध्य प्रदेश के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष स्व. जेपी मालवीय का इलाज के दौरान दुखद निधन हो गया। शनिवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर स्वर्गीय मालवीय को श्रद्धांजलि दी जाएगी। श्रद्धांजलि सभा स्वयंवरम गार्डन चक्कर रोड मालाखेड़ी नर्मदा पुरम में किया जाएगा। सभी संगठनों के सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी एवं श्री मालवीय के स्वजनों तथा सामाजिक बंधुओ से आग्रह किया है कि वह इस मौके पर उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित करें। इस दौरान 2 मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि देकर याद किया जाएगा और उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की जाएगी।

प्रभारी मंत्री, राकेश सिंह कल रहेंगे प्रवास पर

नर्मदापुरम। मंत्री, लोक निर्माण विभाग एवं प्रभारी मंत्री जिला नर्मदापुरम राकेश सिंह रविवार, 20 सितम्बर को जिले के प्रवास पर रहेंगे। जारी कार्यक्रम अनुसार प्रभारी मंत्री, राकेश सिंह 19 सितम्बर को दोपहर 03:00 बजे छिन्दवाडा से प्रस्थान कर रात्रि 08:00 बजे नर्मदापुरम में आगमन होगा। प्रभारी मंत्री, श्री सिंह 20 सितम्बर 2026 को प्रातः 10:30 बजे से सर्किट हाउस नर्मदापुरम में 'सेवा संकल्प अभियान' की तैयारियों के संबंध में जनप्रतिनिधियों तथा पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक लेंगे तथा प्रातः 11:00 से सर्किट हाउस नर्मदापुरम में ही सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा बैठक लेंगे। बैठक उपरांत श्री सिंह प्रातः 11:35 बजे नवीन के.व्ही. विद्युत उपकेन्द्र मालाखेडी का लोकार्पण समारोह में सम्मिलित होंगे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित हुआ मुख्यमंत्री जन विश्वास जन संवाद शिविर

208 फार्मर आईडी हुई जनरेट, 50 नागरिकों के आयुष्मान कार्ड तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सेवा संकल्प अभियान के तहत इटारसी में जन विश्वास जन संवाद शिविर आयोजित हुआ।

सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को मुख्यमंत्री जन विश्वास जन संवाद शिविर का आयोजन इटारसी की कृषक उपज मंडी में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिकों को शासकीय योजनाओं तथा अभियानों के संबंध में उपस्थित सांसद गणों, विधायक गणों, जिलाधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने जानकारी दी। जन संवाद शिविर के दौरान नागरिकों ने अपनी समस्याएं भी सीधे संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों के समक्ष रखी गई। इस दौरान कलेक्टर सोमेश मिश्रा भी उपस्थित रहे तथा उन्होंने भी नागरिकों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी भी तथा शासकीय योजनाओं के संबंध में सभी को अवगत कराया।



दी गई अहम जानकारी

उद्यम संवाद के दौरान जिले के विभिन्न युवा उद्यमियों ने अपने संस्थान एवं व्यवसाय की जानकारी उपस्थित नागरिकों को दी। उद्योग विभाग की योजनाओं से लाभान्वित श्री अतुल दुबे ने बताया कि विभाग द्वारा औद्योगिक क्षेत्र खेड़ा, इटारसी में किफायती दर पर भूमि उपलब्ध कराई गई, जिसके माध्यम से उन्होंने प्रभात इंजीनियरिंग उद्योग की स्थापना की। उद्योग स्थापित होने के बाद वर्तमान में उनके संस्थान से लगभग 30 से 40 लोगों को रोजगार मिल रहा है। उन्होंने बताया कि उद्यम की स्थापना से उन्हें स्वयं भी आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला है। इसी क्रम में श्री आनंद परसाई ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र सोनासांवरी में उद्योग विभाग के सहयोग से किफायती दर पर भूमि प्राप्त होने के बाद उन्होंने राम फूड प्रोडक्ट नाम से उद्योग स्थापित किया।

शिविर में प्रदान की गई तत्काल सुविधाएं

शिविर में पहुंचे नागरिकों को उनके आवेदन के आधार पर विभिन्न सुविधाएं प्रदान की गई। शिविर में 15 लोगों के आधार कार्ड का अपडेशन कार्य किया गया। इसी के साथ 28 लोगों की समग्र ई केवाईसी की गई। 45 लोगों के आभा कार्ड बनाए गए, 85 नागरिकों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया, 208 फार्मर आईडी जनरेट किए गए, 361 नागरिकों को आयुष विभाग के माध्यम से दवाई का वितरण किया गया, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 136 नागरिकों को पोषण परामर्श दिया गया। 50 लोगों के आयुष्मान कार्ड तैयार किए गए। टीबी के 11 मरीज को फूड बास्केट वितरित की गई। रोजगार स्टॉल से 2 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। सिविल में विभिन्न समस्याओं से संबंधित 121 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 106 आवेदनों का निराकरण तत्काल किया गया शेष 6 आवेदन लंबित रहे।

6 प्रकरण दर्ज, 20 लीटर कच्ची शराब और 220 किलो लहान जब्त

आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर नर्मदापुरम श्री सोमेश मिश्रा के आदेशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी डॉ. राजीव प्रसाद द्विवेदी के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा विक्रय के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है।

विभाग द्वारा गुरूवार 17 सितम्बर 2026 को जिले के सभी व्रत क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत कुल 6 प्रकरण कायम किए गए। कार्यवाही में मौके से 20 लीटर कच्ची हाथ भट्टी मदिरा एवं 220 किलोग्राम महुआ लहान जब्त किया गया है। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 26,900 रुपये आंकी गई है।

इसके अतिरिक्त जिले की शासकीय मदिरा दुकानों का निरीक्षण कर नियमानुसार संचालन न पाए जाने पर 9 विभागीय प्रकरण भी कायम किए गए हैं। उक्त कार्यवाही में आबकारी विभाग के कार्यपालिक स्टाफ में सहायक जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी उपनिरीक्षकों, मुख्य आरक्षकों एवं आरक्षकों का योगदान रहा। जिला आबकारी अधिकारी डॉ. द्विवेदी ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।



स्वामित्व योजना' में पटवारियों को निष्पादक बनाने पर आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शासन की योजना स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन–2026 के क्रियान्वयन के बीच मैदानी स्तर पर गहरा प्रशासनिक व विधिक विवाद खड़ा हो गया है। प्रांतीय पटवारी संघ ने हड़ताल की। इस दौरान हनुमान मंदिर में भजन कीर्तन करते रहे। संघ ने कहा यदि इस वैधानिक विसंगति को तत्काल प्रभाव से समाप्त नहीं किया गया, तो जिले भर के पटवारी स्वामित्व योजना के तहत ई-केवाईसी और निष्पादन संबंधित समस्त कार्यों का पूर्ण बहिष्कार करेंगे। संगठन शासन की 'निष्पादक' केवल कोई सामान्य प्रशासनिक पदनाम या ऑनलाइन एंट्री नहीं है, बल्कि यह एक अत्यंत गंभीर विधिक दायित्व है। किसी भी दस्तावेज के निष्पादन का सीधा प्रभाव उसके कानूनी अधिकार, पक्षों की वैधता और भविष्य में उत्पन्न होने वाले दीवानी, फौजदारी विवादों से जुड़ा होता है। पटवारी संघ, स्पष्ट कर दिया है कि वे शासन की मंशा के साथ हैं, बशर्ते विधिक जिम्मेदारियों का स्पष्ट निर्धारण हो। यदि शासन ने पटवारियों को निष्पादक के दायित्व से मुक्त नहीं किया, तो निष्पादन कार्यों का पूर्ण बहिष्कार करने के लिए बाध्य होंगे।



जनकल्याणकारी स्वामित्व योजना का विरोधी नहीं है और इसके सफल क्रियान्वयन के लिए पूर्ण सहयोग को प्रतिबद्ध है। विरोध केवल इस बात पर है कि योजना के दस्तावेजों में हल्के के पटवारी को 'निष्पादक' दर्ज किया जा रहा है। संघ का तर्क है कि

शासकीय राशन दुकानों में गरीबों के अनाज में कटौती की हितग्राहियों ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन दुकानों में खुली मनमानी का मामला सामने आया है। गरीब हितग्राहियों ने आरोप लगाया है कि राशन दुकानों पर उनसे ई-पॉस मशीन में बायोमेट्रिक सत्यापन (अंगूठा) तो पूरे कोटे के लिए लगवाया जाता है, लेकिन वितरण के समय उन्हें निर्धारित मात्रा से काफी कम अनाज (गेहूं व चावल) थमा दिया जाता है। विरोध करने पर गरीबों को टरका दिया जाता है, जिससे पात्र परिवारों में भारी आक्रोश है। लाखों की वारदाना राशि के गबन का आरोप मामले में आर्थिक अनियमितता का एक और बड़ा पहलू उजागर हुआ है। आरोप है कि सेल्समैन द्वारा गेहूं, चावल और शक्कर के समस्त खाली बोरियों की विक्रय राशि अभी तक समिति के खाते में जमा नहीं कराई गई है। नियमों के मुताबिक इस राशि को शासकीय खाते में जमा किया जाना अनिवार्य होता है, लेकिन सेल्समैन द्वारा खुलेआम इस राशि का उपयोग किया जा रहा है। नागरिकों ने प्रशासन से समस्या समाधान की मांग की है।

बच्चों को पाठ्य सामग्री का किया वितरण, पढ़ने के लिए किया प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को सेवा बस्ती में सेवा एवं सहयोग का कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा जिला मंत्री रविंद्र सिंह के द्वारा सेवा बस्ती में पहुँचकर नन्हे-मुन्ने बच्चों को पेन एवं कॉपियों का वितरण किया गया। बच्चों के साथ समय बिताकर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। बच्चों के साथ मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्गों तक सेवा और सहयोग की भावना पहुंचाना तथा बच्चों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना रहा।

दिगंबर जैन समाज द्वारा मनाया जा रहा पर्व

अहंकार छोड़ विनम्रता अपनाना ही उत्तम मार्दव धर्म का सार है : संतोष जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

दिगंबर जैन समाज द्वारा श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाए जा रहे दस लक्षण पर्युषण महापर्व के द्वितीय दिवस श्रद्धालुओं ने उत्तम मार्दव धर्म की आराधना की। सुबह से ही जिनालयों में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन, आरती एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान विधि-विधान और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुए। मंदिरों में गूंजते मंगलाचरण और भक्तिमय वातावरण से पूरा माहौल आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया।

उत्तम मार्दव धर्म मनुष्य को अपने भीतर के अहंकार, अभिमान और कठोरता को त्यागकर विनम्रता, सरलता एवं सौम्यता अपनाने की प्रेरणा देता है। जैन दर्शन में मार्दव को आत्मशुद्धि का महत्वपूर्ण साधन माना गया है। मनुष्य चाहे कितना भी ज्ञानवान, धनवान, पद-प्रतिष्ठा वाला अथवा गुणवान क्यों न हो, उसे अपने गुणों का अहंकार नहीं करना चाहिए। वास्तविक महानता दूसरों के प्रति विनम्र और सम्मानपूर्ण व्यवहार में है।

अहंकार आत्मकल्याण में सबसे बड़ा अवरोध

धर्मसभा को संबोधित करते हुए दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष संतोष जैन ने कहा कि उत्तम मार्दव धर्म हमें यह संदेश देता है कि जीवन में उपलब्धियों के साथ विनम्रता भी बनी रहनी चाहिए। ज्ञान, धन, पद, प्रतिष्ठा, सौंदर्य अथवा किसी भी प्रकार की उपलब्धि को लेकर अहंकार करना व्यक्ति को आत्मकल्याण के मार्ग से दूर करता है। वहीं विनम्रता व्यक्ति के जीवन में शांति, संतोष और सद्भाव उत्पन्न करती है।

धार्मिक कार्यक्रम के बाद आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों, युवाओं एवं समाज के अन्य सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के दौरान पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।पूरे आयोजन में समाज के सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

युवा संगम रोजगार मेला का आयोजन 23 को

नर्मदापुरम। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय, नर्मदापुरम द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 23 सितम्बर 2026 को शासकीय महात्मा गांधी स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटारसी जिला नर्मदापुरम में किया जाएगा। जिपं सीईओ हिमांशु जैन द्वारा रोजगार मेले के सुचारु आयोजन हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंप उनकी ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेशानुसार सीईओ श्री जैन द्वारा रोजगार मेला का संपूर्ण प्रभार का दायित्व अनुविभागीय अधिकारी इटारसी जिला नर्मदापुरम श्री निलेश शर्मा को सौंपा है। तथा रोजगार मेला के आयोजन संबंधी अन्य कार्यो एवं व्यवस्थाओं के लिए भी अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया।

प्रमुख सचिव गोयल ने स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. संजय गोयल ने जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक गुणवत्ता और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रमुख सचिव डॉ. गोयल ने जिले के शासकीय माध्यमिक शाला जासलपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नीमसाड़िया एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंजराकला का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया और शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को देखा। विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना की गुणवत्ता, विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तकों के वितरण की स्थिति, शाला में उपलब्ध 'जादुई पिटारा' के उपयोग, प्रशिक्षण से शिक्षकों और विद्यार्थियों को हो रहे लाभ की समीक्षा की। इसके साथ ही उन्होंने ई-अटेंडेंस प्रणाली, ICT लैब, स्मार्ट पैनल, पुस्तकालय, कैरियर काउंसलिंग तथा अन्य शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों का भी अवलोकन किया। डॉ. गोयल ने शिक्षकों के साथ बैठक कर विभागीय योजनाओं के मैदानी क्रियान्वयन की जानकारी ली।



खबर संक्षेप

बरेठा घाट में दो ट्रकों के बीच फंसी कार

बैतूल। बैतूल-नागपुर-भोपाल हाईवे के बरेठा घाट में शुक्रवार को एक कार दो ट्रकों के बीच फंस गई। हादसे में कार सवार चार लोग घायल हो गए। टक्कर के बाद चारों कार के अंदर फंस गए थे। आसपास मौजूद लोगों ने कार के कांच तोडक़र उन्हें बाहर निकाला। चारों को शाहपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां से बैतूल रेफर कर दिया गया। टीआई अरविंद कुमरे ने बताया कि कार में चार लोग सवार थे और वे बैतूल से शाहपुर की ओर जा रहे थे। बरेठा घाट के पास कार एक ट्रक की चपेट में आ गई और दो वाहनों के बीच फंस गई। हादसे में कार का अगला और पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर के बाद कार में सवार चारों लोग अंदर ही फंस गए थे। आसपास मौजूद लोगों ने कार के कांच तोडक़र सभी को बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें शाहपुर अस्पताल पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद चारों को बैतूल रेफर किया गया। हादसे के बाद हाईवे पर करीब डेढ़ घंटे तक जाम लगा रहा।

जंगली जानवरों से हो रहे नुकसान को लेकर सौंपा ज्ञापन

शाहपुर । आज बलराम किसान संगठन शाहपुर के द्वारा अपनी फसलों को हो रहे नुकसान की समस्या के निराकरण के लिए किसान एसडीएम कार्यालय शाहपुर पहुंचे। यंहा उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी शाहपुर आर प्रपंच को ज्ञापन सौपकर अपनी फसलों को हो रहे नुकसान से अवगत कराया एवं फसलों को नुकसान से बचाने के लिए जल्द से जल्द इसका निराकरण करने का कहा। किसानों का कहना है कि उनके जीविका का मुख्य साधन उनकी फसल ही होती है, वे पूरी तरह खेती पर ही निर्भर होते हैं, और अगर उनकी फसलों को जानवरों और पशुओं के द्वारा नुकसान पहुंचाया जाएगा।

नदी नालों में बाढ़ नहीं आने से खदानों तक नहीं पहुंची रेत

रेत हुई महंगी: खनिज अधिकारी बोले हमारे हाथ में नहीं है रेट तय करना

एक ही ठेकेदार के पास सभी खदानें होने से रेट में आती है दिक्कतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

जिले में इस साल कम बारिश होने से जल स्त्रोत भरे ही नहीं है। मूसलाधार बारिश नहीं होने से नदी नालों में बाढ़ भी नहीं आई। जिले के अधिकतर नदी नालों में रेत भी जमा नहीं हो पाई। इसका फायदा उठाते हुए रेत ठेकेदार ने डम्प की गई रेत के दाम 40 से 50 फीसदी तक बढ़ा दिए है। इसके चलते जिले में पिछले तीन माह के दौरान ही रेत के दाम डेढ़ गुना बढ़ गए हैं। रेत के दाम बढऩे से जिले में शासकीय एवं प्राइवेट निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे है। बारिश का सीजन समाति की और है और ऐसे में आने वाले समय में रेत के दाम और अधिक बढ़ सकते है।

जिले में 27 इंच औसत बारिश

जिले में इस साल मानसून की धमाकेदार शुरुआत के बाद भी सीजन में कई बार बारिश का दौर थमने से इस साल बारिश का आंकड़ा सामान्य से लगभग 60 फीसदी ही रह गया है। जिले में अभी तक मात्र 27.47 इंच बारिश ही हुई, जो सामान्य औसत बारिश 43.35 से लगभग 40 प्रतिशत कम है। जबकि गत वर्ष जिले में 16 सितम्बर तक 35.24 इंच बारिश हो गई थी। मानसून सत्र अब अंतिम चरणों में है जिससे इस साल बारिश का सामान्य आंकड़े तक पहुंचना लगभग नामुमकिन लग रहा है।

नदी नालों में नहीं आई बाढ़ खदानों में रेत का टोटा

इस साल जिले में जितनी बारिश हुई है वह भी रिमझिम बारिश के रूप में ही हुई हैं। जिससे अधिकतर नदी नालों में बाढ़ ही नहीं आई है। बाढ़ नहीं आने से रेत जमा नहीं हुई है। कुछ नदियों में तो कचरा तक साफ नहीं हुआ है। स्थानीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के नदी-नालों में रेत नहीं आने का असर दिखाई देने लगा है। स्थानीय स्तर पर आने वाली रेत नहीं आने से रेत के दाम आसमान छूने लगे है।

48 से 50 हजार रुपए में मिल रहा डंपर

बारिश के दिनों में नदियों से रेत नहीं निकलने और छोटी नदी-नालों में स्थानीय रेत नहीं आने से रेत के दाम मई- जून की तुलना में लगभग 50 फीसदी तक बढ़ गए है। रेत ठेकेदार द्वारा डंप की गई रेत, भौंरा में अर्थात डंप के स्थान पर ही 48 से 50 रुपए प्रति फीट कर दिए है। डंपर व्यवसायी एवं रेत सप्लायर राजेश गावंडे ने बताया कि जिला मुख्यालय में रेत के दाम 40 से 50 फीसदी तक बढ़ गए है। 400 फीट रेट का डंपर 27 से 28 हजार रुपए, 600 फीट का डंपर 37 से 38 हजार रुपए और 800 फीट का डंपर 48 से 50 हजार रुपए तक का हो गया है। स्थानीय रेत नहीं आने से भौंरा से आने वाले डंपर से ट्राली में रेत भरकर दी जा रही है, जो लगभग 6 हजार रुपए प्रति ट्राली में बिक रही है। लगभग तीन माह पूर्व शहर में 400 फीट के डंपर का रेट 20 हजार, 600 फीट के डंपर का 30 हजार और 800 फीट के डंपर का 35 हजार रुपए तक था।

निर्माण कार्य हो रहे प्रभावित

बैतूल के डंपर व्यवसायी अनल पंवार ने बताया कि बारिश के पूर्व भौंरा में रेत के दाम 28 से 30 रुपए प्रति फीट थे, जो वर्तमान में रेत ठेकेदार परम डिस्ट्रीब्यूटर्स द्वारा भौरा में ही 48 से 50 रुपए प्रति वर्गफीट में रेत दी जा रही है। श्री पंवार ने बताया कि रेत महंगी होने से कई निर्माण प्रभावित हो रहे हैं। कई लोगों को मकान निर्माण करना है, परंतु उन्होंने कार्य कार्य रोक दिया हैं। वहीं शासकीय निर्माण कार्य भी प्रभावित हो रहे है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस साल बारिश कम होने से नदी नालों में रेत जमा नहीं हो पाई है, जिससे भी रेत के दाम बारिश के बाद और अधिक बढ़ सकते हैं।

अक्टूबर में बैन हटने पर रेत के दाम कम होने की है संभावना

जिले की 32 रेट खदानों से रेत का उत्खनन करने पर अभी प्रतिबंध लगा हुआ है। रेत सप्लायर एवं व्यवसायियों के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उत्खनन पर प्रतिबंध 2 अक्टूबर तक रहेगा, इसके बाद उत्खनन शुरू होने पर रेत के दाम कम होने की उम्मीद है। वर्तमान में डंप से रेत मिल रही है, इसलिए रेट ज्यादा है तथा रेत मिलनें में दिक्कत आ रही है।

गांधी ग्राम तवा कोल माइंस-3 में रेत का हो रहा अवैध उत्खनन



बैतूल। घोड़ाडोंगरी ब्लाक के सारणी कोल माइंस एरिया के तवा कोल माइंस 3 गांधी ग्राम के पास रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। ग्रामीणों के सूत्रों के मुताबिक यह एरिया कोल माइंस में आने के कारण खनिज विभाग यहां पर कोई ध्यान नहीं देता है। इसके चलते अवैध उत्खनन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। ग्रामीण गणेश पवार, सुखराम यादव आदि का कहना है कि पुलिस और खनिज विभाग की मिलीभगत से अवैध उत्खनन करके ट्रैक्टरों से रेत का परिवहन किया जा रहा है। इससे शासन के राजस्व को नुकसान हो रहा है। यहां रोजाना 15 से 20 ट्रैक्टर रेत का खनन किया जा रहा है। वन विभाग और खनिज विभाग से इसकी कोई अनुमति भी इनके पास नहीं है। खनिज विभाग को इसकी शिकायत करने के बावजूद भी इस अवैध उत्खनन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

इनका कहना है

खनिज अधिकारी बोले- रेत के रेट तय करना हमारे हाथ मे नहीं-

इस संबंध में जब हमारे संवाददाता ने जिला खनिज अधिकारी मनीष पालेवार से बात की, तो उनका कहना रहा कि खदान से 120 रुपए घनफिट की रॉयल्टी पर रेत ठेकेदार को दी जाती है। वे कितने में बेचेंगे, इसके रेट हम तय नहीं कर सकते। यह हमारे हाथ मे नही है।

जिम्मेदार अधिकारी अनजान

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बिजली गुल होने से मरीज हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाहपुर



बिजली गुल होने से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर के मरीजों का बुरा हाल हो गया। कर्मचारियों अधिकारियों से जब भी अस्पताल में अव्यवस्थाओं के बारे में पूछा जाता है तो उनका यहीं जवाब मिलता है कि मैं दिखवाता हूं। मैं देखता हूं। लगभग 4 साल पूर्व खरीदा गया जनरेटर यहां पर केवल शोपीस बनकर रह गया, क्योंकि जनरेटर जिस समय से भी आया था, आने के बाद वह एक दिन भी सर्विस नहीं दे पाया और अधिकारी कर्मचारी जनरेटर के सुधारने का हवाला देते हुए मरीजों की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। शासकीय अस्पतालों में अच्छी से अच्छी सुविधा देने का प्रयास करता है परंतु उनके कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी मेंटेनेंस की तरफ ध्यान न देते हुए अस्पताल की व्यवस्था को अव्यवस्थित रखते हैं। दोपहर में ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में मोमबत्ती जलाकर मरीजों का इलाज करना पड़ा। ब्लड रिपोर्ट की जांच भी बिजली नहीं होने से नहीं हो पा रही थी। लोगों का कहना है कि जमीनी स्तर पर उन्हें उसे व्यवस्था का लाभ प्राप्त नहीं होता। जिसके लिए अधिकारी कर्मचारी भी उन व्यवस्थाओं पर ध्यान नहीं देते और मरीज और जनता परेशान होती रहती है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी मनोज हूरमाडे ने बताया कि शाहपुर में जनरेटर तो खराब है, परंतु इनवर्टर की व्यवस्था है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर के बीएमओ एस के रघुवंशी ने बताया कि मैं अभी भैसदेही मीटिंग में हूं। रोगी कल्याण समिति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर के सदस्य आशीष शुक्ला के द्वारा भी आवेदन के माध्यम से जनरेटर की व्यवस्था करने की बात कही।



मवेशी पहुंचा रहे फसलों को नुकसान, सौंपा ज्ञापन

शाहपुर। बलराम किसान संगठन द्वारा अपनी फसलों के हो रहे नुकसान के लिए एसडीएम और नगर परिषद कार्यालय पहुंचे। ज्ञापन लेने के लिए कोई अधिकारी उपलब्ध नहीं मिले। इसके बाद उन्होंने अपनी समस्या और ज्ञापन को नगर परिषद के कर्मचारियों को सौंपा। विनीत तिवारी, और बलराम बनकर ने बताया कि आवेदन लेने के लिए अधिकारी कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते। जब प्रभारी नगर परिषद अधिकारी शाहपुर से फोन के माध्यम से की गई तो उन्होंने बताया कि उनके पास प्रभार की अधिकता होने के कारण वह नगर परिषद शाहपुर में आ रही समस्याओं को नहीं देख पा रहे हैं।

अधूरे निर्माण कार्यों की राशि आहरण पर कलेक्टर सख्त, एफआईआर के निर्देश

कलेक्टर ने की चिल्कापुर में पंचायत कार्यों की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने ग्राम पंचायत चिल्कापुर में बैठक आयोजित कर पंचायत के विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने पंचायत में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों, राशि के आहरण एवं कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए अनियमितता पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। चिल्कापुर में पुलिया, नाली एवं शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण होने के पूर्व 5 लाख 90 हजार रुपये की राशि आहरित किए जाने की शिकायत पर कलेक्टर ने संबंधित सचिव, सरपंच और जीआरएस को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं गबन से संबंधित मामले में उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत भैंसदेही को जांच प्रतिवेदन के आधार पर प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पंचायत के कार्यों में अनियमितता पाए जाने पर सरपंच, सचिव एवं सहायक सचिव के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंचायत की राशि का दुरुपयोग अथवा शासकीय राशि में गड़बड़ी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने अन्य ग्राम पंचायतों में भी निर्माण कार्य पूर्ण होने से पूर्व राशि आहरित किए जाने के मामलों की जानकारी ली। उन्होंने ऐसे मामलों में संबंधित सचिवों के विरुद्ध सेवा संबंधी कार्रवाई, यहां तक कि सेवा से बर्खास्तगी की कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंचायत की राशि का दुरुपयोग करने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

चिल्कापुर में अधूरे आंगनवाड़ी भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कराने के संबंध में प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई कर भवन का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में मृत्यु के पश्चात संबल कार्ड बनाए जाने की शिकायत भी सामने आई। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जनपद पंचायत भैंसदेही के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोटिस जारी कर मामले की जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर ने तत्कालीन सचिव लुनिया सरियाम का वित्तीय प्रभार हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को पंचायतों में होने वाले निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करने तथा कार्य पूर्ण होने के बाद ही नियमानुसार राशि का आहरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

स्वरोजगार की संभावनाओं से हुई रूबरू

रेशम के धागे से आत्मनिर्भरता की राह सीख रहीं छात्राएं

रेशम इकाई पहुंचीं कन्या महाविद्यालय की छात्राएं जाना धागाकरण का हुनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन की स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं के लिए 18 सितंबर को एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण आयोजित किया गया। इसके तहत छात्राओं ने रेशम संचालनालय, ग्रामोद्योग विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित रेशम धागाकरण इकाई हीरापुर का भ्रमण किया।

ट्रेनिंग प्लेसमेंट ऑफिसर श्रीमती माधुरी पल्ले ने बताया कि भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को किताबी ज्ञान के साथ वास्तविक औद्योगिक गतिविधियों से परिचित कराना था। ऐसे भ्रमण से छात्राओं में तकनीकी समझ के साथ स्वरोजगार और उद्यमशीलता की भावना विकसित होती है। हीरापुर स्थित रेशम धागाकरण इकाई में जगदीश प्रसाद विश्वकर्मा ने छात्राओं को रेशम उत्पादन एवं धागाकरण की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ककून को संसाधित करने के बाद किस प्रकार उच्च गुणवत्ता वाला रेशमी धागा तैयार किया जाता है। छात्राओं ने रीलिंग मशीनों के संचालन, धागे की कताई, ग्रेडिंग और पैकेजिंग की प्रक्रिया को करीब से देखा और समझा। श्री विश्वकर्मा ने छात्राओं को रेशम उद्योग एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं, सब्सिडी और ऋण सुविधाओं की जानकारी भी दी।

उन्होंने कहा कि शिक्षा पूरी करने के बाद छात्राएं इस क्षेत्र में स्वरोजगार शुरू कर आत्मनिर्भर बन सकती हैं। औद्योगिक भ्रमण को लेकर छात्राओं में उत्साह रहा। भ्रमण महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरिता साहू के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। आयोजन में डॉ. प्रीति भादे, सुश्री कविता विश्वास, सुश्री आरती दीक्षित और श्री अविनाश अम्बुलकर का सहयोग रहा।

श्रद्धा के साथ मनाई विश्वकर्मा जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की क्षेत्रीय कर्मशाला बगडोना में भगवान विश्वकर्मा जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में कर्मशाला के कर्मचारियों, अधिकारियों, श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढक़र सहभागिता की।

विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर प्रातःकाल क्षेत्रीय कर्मशाला परिसर में विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना एवं हवन का आयोजन किया गया। पूजा समिति के संरक्षक कैलाश चौकीकर एवं अध्यक्ष गणेश भूमरकर द्वारा विधि-विधान से पूजन एवं हवन संपन्न कराया गया। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान विश्वकर्मा से कर्म, कौशल, तकनीकी दक्षता एवं औद्योगिक क्षेत्र में निरंतर प्रगति की कामना की। पूजा-अर्चना के उपरांत श्रद्धालुओं एवं उपस्थित कर्मचारियों को प्रसादी का वितरण किया गया। शाम के समय भगवान विश्वकर्मा के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए क्षेत्र सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु क्षेत्रीय कर्मशाला बगडोना पहुंचे। पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान विश्वकर्मा के दर्शन कर सुख, समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की।

ओम म्यूजिक जोन जागरण ग्रुप ने बांधा समां

धार्मिक कार्यक्रम के साथ शाम को आयोजित सांस्कृतिक एवं भजन संध्या में ओम म्यूजिक जोन जागरण ग्रुप द्वारा एक से बढक़र एक भक्ति गीतों एवं मनमोहक प्रस्तुतियों से उपस्थित दर्शकों का मनोरंजन किया गया। कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु देर रात तक कार्यक्रम का आनंद लेते रहे। भक्ति गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा और उपस्थित श्रद्धालु भी भजनों की धुन पर झूमते नजर आए। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय कर्मशाला परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं आयोजन की व्यवस्था को लेकर समिति के सदस्यों एवं कर्मचारियों द्वारा पुलिस प्रशासन, नगरपालिका, सुरक्षा विभाग ने विशेष सहयोग किया गया। आयोजन को सफल बनाने में सभी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अधिकारियों एवं श्रम संगठनों का विशेष सहयोग रहा। सम्पूर्ण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में क्षेत्रीय महाप्रबंधक जितेंद्र कुमार गुप्ता, महाप्रबंधक (संचालन) राजकपूर प्रसाद, स्टाफ ऑफिसर राजू साहब, प्रबंधक क्षेत्रीय कर्मशाला अजय वडजे, शिवाजीत चौबे प्रबंधक मानव संसाधन,कोषाध्यक्ष चेतन , सचिव शीतल मालवी सहित सभी श्रम संघों के सम्मानित प्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने भगवान विश्वकर्मा के आदर्शों को स्मरण करते हुए कर्म, तकनीक, श्रम एवं सृजन की महत्ता पर प्रकाश डाला। आयोजकों ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा केवल निर्माण एवं शिल्प के देवता ही नहीं, बल्कि कौशल, तकनीकी ज्ञान, रचनात्मकता और मेहनत के प्रतीक हैं।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलय डागा तीन दिन करेंगे मंडलों का दौरा

21 से 23 सितंबर तक तीन दिवसीय सघन दौरे पर रहेंगे

बैतूल। जिला कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक निलय विनोद डागा 21 से 23 सितंबर तक तीन दिवसीय सघन दौरे पर रहेंगे। जिला संगठन महासचिव बृजभूषण पांडे द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार वे बैतूल, भैंसदेही और आसपास के मंडलों, ब्लॉक, उपब्लॉक, नगर, मंडलम, पंचायत स्तर के पदाधिकारियों, बीएलए-2 और वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा एवं मार्गदर्शन किया जाएगा। दौरे की शुरुआत 21 सितंबर को बैतूल से होगी। दोपहर 1 बजे ब्लॉक अध्यक्षों, उपब्लॉक अध्यक्षों और नगर अध्यक्षों की संयुक्त तकनीकी मार्गदर्शन बैठक होगी। इसमें बूथ प्रबंधन, तकनीकी दिशा-निर्देश और संगठन को प्रभावी बनाने की रणनीति पर चर्चा होगी। 22 सितंबर को निलय डागा सातलदेही, बादलपुर और शक्तिगढ़ मंडलम का दौरा करेंगे। सातलदेही में दोपहर 1 बजे, बादलपुर में 2:30 बजे और शक्तिगढ़ में शाम 4 बजे मंडलम कमेटी, पंचायत अध्यक्षों, बीएलए-2 और वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक होगी। 23 सितंबर को दौरे के अंतिम दिन भैंसदेही विधानसभा क्षेत्र के रजोला और बाकुड में बैठकें होंगी। रजोला में दोपहर 2 बजे और बाकुड में 3 बजे संगठन पदाधिकारियों से संवाद किया जाएगा। इसके बाद शाम 4 बजे बैतूल विधानसभा क्षेत्र के खापा में आठनेर ब्लॉक कमेटी, पुसली मंडलम कमेटी, पंचायत अध्यक्षों, बीएलए-2 और वरिष्ठ नेताओं की संयुक्त बैठक के साथ दौरे का समापन होगा।

मुलताई विधानसभा के पांचों मंडलों में सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजन

पीएम मोदी के जन्मदिन पर दीपों से जगमगाया ताप्ती तट

विधायक देशमुख सहित जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा मुलताई विधानसभा क्षेत्र में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विधानसभा क्षेत्र के मुलताई नगर मंडल, दुनावा मंडल, प्रभात पट्टन मंडल, मासोद मंडल एवं साईखेड़ा मंडल के अंतर्गत शक्ति केंद्रों, बूथों, वार्डों और सार्वजनिक स्थलों पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने लाभार्थियों और आम नागरिकों के साथ आशीर्वाद का दीप प्रज्वलित किया। इसी क्रम में 17 सितंबर, गुरुवार की शाम मुलताई के पवित्र ताप्ती तट पर मुख्य दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख सहित भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं ने मुख्य दीप प्रज्वलित कर दीप उत्सव की शुरुआत की।

दीपों से जगमगाया ताप्ती तट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित दीप प्रज्वलन कार्यक्रम के दौरान ताप्ती तट पर बड़ी संख्या में दीप जलाए गए। दीपों की रोशनी से ताप्ती तट जगमगा उठा। भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने आशीर्वाद का दीया जलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम में शामिल कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने दीप प्रज्वलन के माध्यम से प्रधानमंत्री के जन्मदिन को सेवा संकल्प और शुभकामनाओं के साथ मनाया। आयोजन के दौरान ताप्ती तट पर दीप उत्सव का वातावरण देखने को मिला।

पांचों मंडलों में कार्यक्रम

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मुलताई विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मंडलों में भाजपा संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शक्ति केंद्रों, बूथों, वार्डों तथा सार्वजनिक स्थलों पर आशीर्वाद का दीप प्रज्वलित किया। अभियान के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने स्थानीय नागरिकों एवं लाभार्थियों के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर पालिका प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की टीमें तैनात रहीं। आयोजन को व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। मुलताई विधानसभा क्षेत्र में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आशीर्वाद का दीया प्रज्वलन कार्यक्रम में दुनावा मंडल अध्यक्ष अमित पवार, प्रभात पट्टन मंडल अध्यक्ष सतीश धाकड़, मासोद मंडल अध्यक्ष विजय घोडक़ी एवं साईखेड़ा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजेश हिंगवे सहित भाजपा के विभिन्न पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ताओं ने दीप प्रज्वलन एवं सामूहिक सहभागिता के साथ शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

खबर संक्षेप

माखननगर जिला अदब गोशा का आयोजन आज किया जाएगा

माखननगर। मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी तथा मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग के तत्वावधान में माखन नगर में 'ज़िला अदब गोशा' नर्मदापुरम का आयोजन सिलसिला एवं तलाशे जौहर के तहत किया जाएगा। मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी निदेशक डॉ. नुसरत मेहंदी एवं नर्मदापुरम जिला संयोजक कवि सौरभ यादव सूर्य ने बताया कि कार्यक्रम अंतर्गत व्याख्यान एवं रचनापाठ होंगे। आयोजन आज 19 सितंबर 2026 को दोपहर 2:30 बजे से बाबा रेस्टोरेंट आरी रोड माखन नगर नर्मदापुरम में होगा। जिसमें विशिष्ट वक्ता के रूप में अमित बिल्लौरे 'अमृत सोहागपुरी' उर्दू शेरो अदब में राष्ट्रीय चेतना विषय पर व्याख्यान देंगे। जिसके बाद आमंत्रित शायर व कवि सतीश शमी, मदन बड़कुर तन्हाई, प्रमिला किरण, नर्मदा हरियाले, अरविंद दुबे, कीर्ति वर्मा, पवन सराठे, राज गुर्जर, रेखा कापसे, नसीर ख़ान, विक्रम यादव, हिमांशु शर्मा, हिमांशु हार्दिक, फ़हीम दानिश, प्रद्युम्न हरियाले रचनाओं की प्रस्तुति देंगे। अकादमी के नर्मदापुरम ज़िला समन्वयक सौरभ यादव सूर्य ने साहित्य प्रेमियों से कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

मुख्यमंत्री के नाम जपं सीईओ को सौंपा विविध मांगों के संबंध में पत्र

मध्य प्रदेश ग्राम पंचायत सचिवों के संगठन ने की एक दिवसीय हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



मप्र पंचायत सचिव संगठन शाखा सोहागपुर ने शुक्रवार को काम बंद हड़ताल कर मप्र के मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र जपं सीईओ को सौंपा है। सचिव भगवान दास रघुवंशी ने बताया कि सचिवगण पंचायतों में शासकीय योजनाओं व ग्रामीण विकास कार्य क्रियान्वयन कार्य निष्ठा से निभा रहे हैं। सीमित संसाधनों एवं बढ़ते कार्यभार के बाद भी सचिव शासन व ग्रामीणों के बीच महत्त्वपूर्ण कड़ी रूप में कार्यरत हैं। लेकिन सचिवों से मूल दायित्वों के अतिरिक्त अन्य विभागीय कार्य कराए जाते हैं। वहीं सचिवों की लंबित सेवा संबंधी मांगों एवं शासन की पूर्व घोषणाओं के क्रियान्वयन आदेश लंबित हैं। अतः शुक्रवार को काम बंद हड़ताल की गई है। रघुवंशी ने बताया कि संगठन प्रदेशाध्यक्ष के आह्वान पर हड़ताल की गई।

रखी ये मांगें

मध्यप्रदेश पंचायत सचिव संगठन ने निम्न मांगें शासन के समक्ष रखी हैं जिनमें सचिवों का संविलियन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में हो। सेवा सुरक्षा, भविष्य एवं स्पष्ट सेवा शर्तें सुनिश्चित की जाएं। स्वामित्व योजना एवं राजस्व प्रकृति के कार्यों से मुक्ति दें। अधिकार अभिलेख, पंजीयन, ईकेवायसी, भूमि/संपत्ति संबंधी सहित राजस्व कार्य पंचायत सचिवों से ना कराएं। सचिवों से संबंधित शासन की पूर्व घोषणाओं के आदेश जारी करें। वेतन विसंगति दूरकर सचिवों को नियमानुसार लाभ दिए जाएं।

उन्होंने कहा कि सचिवों की सेवा अवधि एवं अनुभव आधार पर पीसीओ पद पर 50 प्रतिशत पदोन्नति कोटा लागू हो। 300 दिवस की अर्जित अवकाश नकदीकरण सुविधा दें।

*- सचिव एवं उनके परिवार को कैशलेस स्वास्थ्य बीमा तथा आयुष्मान योजना में शामिल कर आयुष्मान कार्ड बनाएं। अपूर्ण/प्रगतिरत मनरेगा कार्यों में स्थल सत्यापन किए बिना सचिव व जीआरएस से वसूली ना की जाए।

माननीय उच्चतम न्यायालय के लागू निर्णयों एवं शासन के प्रचलित नियमों/निर्देशों के अनुरूप सचिवों के सेवाकाल की गणना नियुक्ति दिनांक से कर पुरानी पेंशन योजना लाभ के आदेश जारी किए जाएं।

सेवाकाल में दिवंगत सचिवों के पात्र ओबीसी वर्ग के लंबित अनुकंपा प्रकरण शीघ्र निराकृत किए जाएं। अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त आश्रितों को सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए दो वर्ष एवं सीपीसीटी अनिवार्यता में छूट दें।

सेवानिवृत्त पंचायत सचिवों को ग्रेच्युटी एवं एनपीएस राशि का तत्काल भुगतान किया जाए। सेवानिवृत्ति पर दी जाने वाली राशि बढ़ाकर 10 लाख रुपये की जाए।

वेतन, पदोन्नति, अवधि, अवकाश, स्थानांतरण, पेंशन, अनुकंपा नियुक्ति एवं अन्य समस्याओं की शासन स्तर पर निराकरण व्यवस्था बनाई जाए।

संगठन का अंतिम निवेदन

ज्ञापन अनुसार मध्य प्रदेश का पंचायत सचिव संवर्ग वर्षों से शासन की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अतः संगठन का सीएम से आग्रह है कि उपरोक्त मांगों पर शीघ्र आवश्यक शासनादेश जारी किए जाएं। यदि शासन यह नहीं करता है, तो प्रदेश के ग्रापं सचिव अधिकारों एवं न्यायोचित मांगों के लिए लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

सोहागपुर शहर में वितरित हो रहा मटमैला नर्मदा जल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



शहर में नर्मदा जल का वितरण लंबे समय से किया जा रहा है। लेकिन पिछले कुछ दिनों से नलों के माध्यम से मटमैला व गंदा पानी लोगों के घरों में पहुंच रहा है। जिससे जलजन्य रोग हो सकते हैं। नागरिकों ने नगर परिषद से अपेक्षा की है कि साफ व स्वच्छ जल का वितरण कराया जाए। ताकि बीमारी प्रसार की संभावनाओं पर रोक लग सके।

सोहागपुर के ग्राम छेड़का में किया 'आशीर्वाद का दिया' कार्यक्रम



सोहागपुर। सोहागपुर ब्लॉक की टेकापार ग्रापं के ग्राम छेड़का में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर जनपद पंचायत व प्रशासन की ओर से 'आशीर्वाद का दिया' कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासन के अधिकारियों की उपस्थिति में 1100 दीपक प्रज्जवलित किए गए। जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों ने उपस्थित ग्रामीणों को विविध शासकीय योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्रता अनुसार लाभ लेने की बात कही। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष जालम सिंह पटेल, उपाध्यक्ष राघवेंद्र रघुवंशी, एसडीएम डॉ. बबीता राठौर, सीईओ श्रीराम सोनी, तहसीलदार शक्ति श्री तोमर, एई सुनीता वर्मा, सरपंच पूजा अहिरवार, उप सरपंच सरदार सिंह, सचिव मनसुख लाल, जयराम, अशोक, शैतान पटेल व अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन होमस्टे में किया गया।

भगवान विश्वकर्मा का जन्मोत्सव मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र सहित नगर पालिका परिषद क्षेत्र में श्री गोंड मालवीय ब्राह्मण समाज के द्वारा भगवान विश्वकर्मा पूजा अर्चना करते हुए शोभायात्रा निकाली गई। जगह जगह पूजा अर्चना कर स्वागत सम्मानित किया गया।इस दौरान कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक ठाकुरदास नागवंशी, नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर मनोज पाल सहित मनमोहन मालवीय शैलेन्द्र कुमार हरिप्रसाद हुकुमचंद, गोपाल प्रसाद, शक्ति मालवीय रामनारायण, देवेंद्र कुमार, तुलसी राम, सहित अन्य सभी श्री गोंड मालवीय ब्राह्मण समाज के लोगो के साथ पूर्व जिला सतर्कता निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय आदि अनेक लोग उपस्थित रहे।

पिपरिया जनपद पंचायत की बैठक में हंगामा: 77 लाख के विकास कार्यों के पुराने प्रस्ताव निरस्त, अध्यक्ष पर लगा पक्षपात का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर आयोजित 15वें एवं 16वें वित्त आयोग की बैठक विवादों और राजनीतिक खींचतान की भेंट चढ़ गई। करीब 77 लाख की विकास राशि के आवंटन को लेकर बुलाई गई इस बैठक में जहां पुराने प्रस्तावों को निरस्त कर नए प्रस्ताव पारित किए गए, वहीं जनपद अध्यक्ष पर राजनीतिक रंजिश के चलते विकास राशि रोकने के गंभीर आरोप भी लगे हैं।

16 में से पहुंचे केवल 9 सदस्य

जनपद पंचायत के कुल 16 वार्डों में से बैठक में मात्र 9 सदस्य ही उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष संध्या सिंगारे और उपाध्यक्ष कुसुमलता भगवान सिंह पटेल ने की। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीओ) श्रीराम सोनी, लेखापाल एवं विधायक प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान नियमों की धज्जियां उड़ती भी नजर आईं। वार्ड क्रमांक 4 (पचलावरा) की निर्वाचित सदस्य शिवानी पटेल की अनुपस्थिति में उनके पति मनीष पटेल बैठक में शामिल हुए। पत्रकारों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर सीईओ ने उन्हें मुख्य बैठक से हटाकर अलग तो बैठाया, लेकिन पूरे समय उनका हस्तक्षेप बना रहा।

पुराने प्रस्ताव निरस्त

बैठक में पूर्व में मंजूर किए गए प्रस्तावों को निरस्त करते हुए 77 लाख की संपूर्ण राशि के लिए नए सिरे से सीमेंट रोड, नाली, नल-जल योजना, तालाब निर्माण और साफ-सफाई जैसे कार्यों के नए प्रस्ताव तैयार किए गए। इस निर्णय पर वार्ड क्रमांक 10 की जनपद सदस्य जमना रघुवंशी ने तीखा विरोध दर्ज कराया। उन्होंने आरोप लगाया कि अध्यक्ष चुनाव में उनके पक्ष में मतदान न करने की रंजिश के कारण अध्यक्ष द्वारा उनके क्षेत्र की पूर्व स्वीकृत राशि रोक दी गई है। उन्होंने इस विषय में वार्ड की जनता से चर्चा कर ठोस कानूनी व राजनीतिक कदम उठाने की बात कही है।

अपूर्ण कार्यों पर गाज

सहलवाड़ा के सदस्य रंजीत सिंह राजपूत को पूर्व में स्वीकृत 10 लाख से सामुदायिक भवन का निर्माण पूर्ण हो चुका है। हालांकि, यही राशि खैरीकला और पचलावरा को भी दी गई थी, लेकिन वहां अब तक कार्य शुरू नहीं हो सका। इस पर सीईओ श्रीराम सोनी ने स्पष्ट किया कि जहां काम शुरू नहीं हुआ है, वहां के प्रस्ताव निरस्त कर दिए गए हैं और उस राशि का उपयोग अब नए विकास कार्यों में किया जाएगा।

वन रक्षक प्रशिक्षण विद्यालय के प्रशिक्षुओं ने किया श्रमदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

पचमढ़ी को पॉलीथिन प्लास्टिक मुक्त करने की एक होड़ सी लग गई है। देखा जा रहा है कि पचमढ़ी के व्यू प्वाइंटो की साफ सफाई को लेकर लोग जागरूक हो रहे है। गाइड यूनियन पचमढ़ी व्यू प्वाइंटो में सफाई अभियान चला रहे है वही दूसरी ओर वन रक्षक प्रशिक्षण विद्यालय पचमढ़ी के प्रशिक्षुओं सुबह के सेशन में रनिंग, वॉकिंग, योग, व्यायाम करते हुए हांडी खो पहुंचे ओर गंदगी देखकर प्रशिक्षक संजय कोरी के मार्गदर्शन में श्रम दान के तौर पर क्षेत्र की साफ सफाई कर, पर्यावरण को स्वस्थ एवं स्वच्छ रखने में योगदान दिया।

स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत चार-तरफा कचरा पृथक्करण हेतु जागरूकता गतिविधि आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के अंतर्गत दिनांक 18 सितम्बर 2026 को कैंट हाई स्कूल, पचमढ़ी में चार-तरफा कचरा पृथक्करण (4-Way Waste Segregation) के संबंध में जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को गीला कचरा, सूखा कचरा, घरेलू हानिकारक कचरा एवं सैनिटरी कचरे को अलग-अलग रखने तथा निर्धारित डस्टबिन में ही डालने के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को कचरे का स्रोत पर ही पृथक्करण करने, स्वच्छता के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि कचरे का उचित पृथक्करण एवं निस्तारण स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विद्यालय स्तर पर बच्चों में स्वच्छता संबंधी जागरूकता विकसित कर उन्हें अपने परिवार एवं समुदाय में भी स्वच्छता का संदेश प्रसारित करने के लिए प्रेरित किया गया।

कैंटोनमेंट बोर्ड पचमढ़ी द्वारा स्वच्छता, जन-जागरूकता एवं स्रोत पर कचरा पृथक्करण को बढ़ावा देने के लिए निरंतर जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

आंगनबाड़ी केंद्र पर किया राष्ट्रीय पोषण माह का कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्र नयाखेड़ा सेक्टर सोहागपुर ग्रामीण 01 में राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम किया गया। जिसके अंतर्गत विविध संदेशात्मक गतिविधियां करवाई गईं। जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र नयाखेड़ा में ग्राम की महिलाओं, पुरुषों, बालिकाओं और बच्चों ने सहभागिता की। इस दौरान एक पेड़ मां के नाम, एक पेड़ बेटी के नाम, हमारी आंगनवाड़ी-हमारी जिम्मेदारी, गुणवत्तायुक्त आहार-स्वस्थ परिवार, अंकुरित दालें, फल, हरी सब्जी, मौसमी सब्जियां विशेष प्रकार के व्यंजन बनाने की विधि आदि शामिल रहे। कार्यक्रम दौरान जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीना एवं कुसुम सराठे, सहायिका दुर्गा मेहरा, पर्यवेक्षक बानो बी खान, परियोजना अधिकारी रंजना गोस्वामी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल

पचमढ़ी। पिपरिया मुख्य मार्ग की सड़के खस्ताहाल है। हर साल की अपेक्षा इस बार कम बारिश हुई उसके बाद भी सड़कों की बहुत बुरी हालत है यही स्थिति नगर के अंदर की सड़कों की भी है। सतपुड़ा की रानी कही जाने वाली पचमढ़ी मध्यप्रदेश का एक मात्र हिल स्टेशन है। स्थानीय लोगों की आय का मुख्य साधन पर्यटक है। मुख्य मार्ग से पचमढ़ी में प्रवेश करते हुए बड़े बड़े गड्ढे पचमढ़ी भ्रमण करने आए पर्यटको का स्वागत करते हैं जो पर्यटकों के लिए बहुत खराब अनुभव है। यही स्थिति नगर के अंदर की सड़कों की भी है। लगातार विरोध होने पर गड्ढों को भर दिया जाता है या पेच वर्क करके थूक पॉलिस कर दी जाती है। अ स्थानीय नागरिकों में भी खराब सड़क को लेकर असंतोष देखा जा सकता है अब देखना यह है कि क्या लोक निर्माण विभाग पचमढ़ी के पर्यटन एवं स्थानीय नागरिकों को प्रभावित कर रही रोड की समस्या का समाधान कर पायेगा या सिर्फ आश्वासन पर ही काम चलता रहेगा।

जनपद पंचायत के सदस्य ने की इस्तीफे की पेशकश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 12के सामान्य वर्ग से इस्तीफा देने की पेशकश की है। सोशल मीडिया पर जनपद सदस्य आशु पुरोहित का इस्तीफा वायरल दीपेश पटेल के द्वारा किया गया। जिसमें बताया गया है कि जनपद पंचायत अध्यक्ष के नाम सूचनार्थ इस्तीफा दिया गया है। जिसमें मुख्य कारण का उल्लेख नहीं किया गया है। सिर्फ पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम की थारा 37 सन 1993के अंतर्गत देना बताया गया है। जनपद पंचायत सदस्य आशु पुरोहित से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि वह उनका व्यक्तिगत मामला है। इसलिए यही कारण मुख्य रूप से है। तथा उन्होंने बताया कि अभी सूचनार्थ स्तीफा जनपद पंचायत अध्यक्ष को सोपा गया है। लेकिन शीध्र ही अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचन अधिकारी राजस्व आकिप खान को सौंप दिया जाएगा। कोई इस्तीफा निर्वाचन अधिकारी राजस्व आकिप खान को नहीं दिया गया है। लेकिन बैठक में भी चर्चा का विषय रहा इस्तीफा । लेकिन याद रहे कि वर्तमान समय में आशु पुरोहित अधिवक्ता संघ से तथा मीडिया से भी जुड़े हुए हैं। लेकिन जब तक सक्षम अधिकारी निर्वाचन अधिकारी राजस्व आकिप खान को इस्तीफा नहीं सौंपा जाता है।

पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर मनाया गया दीपोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी


देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में देशभर में दीपोत्सव मनाया गया। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी मंडल पचमढ़ी द्वारा जवाहर चौक पर हर्षोल्लास के साथ आतिशबाजी, दीप प्रज्वलन एवं मिठाई वितरण कर उत्सव के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जी के सार्वजनिक जीवन के सेवा, समर्पण और राष्ट्रनिर्माण के 25 वर्षों को स्मरण करते हुए उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की मंगलकामनाएँ की गईं। पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपने अपने घरों पर भी दीप प्रज्वलित कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

आकर्षक साज सज्जा से सज रहे पंडाल, प्रतिदिन हो रहे आयोजन

श्रद्धा और उत्साह के साथ जारी है गणेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर







नगर में श्री गणेश उत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। गणेश उत्सव को लेकर नगरवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। नगर के विभिन्न स्थानों पर गणेश उत्सव समितियों द्वारा भगवान श्री गणेश की भव्य एवं आकर्षक प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। नगर के बागरा रोड स्थित पुरोहित परिवार आवास कॉलोनी, भद्रकाली समिति, पटेल मोहल्ला में एक दंत उत्सव समिति तथा माखन चौक सहित विभिन्न स्थानों पर श्री गणेश जी की सुंदर प्रतिमाएं विराजित की गई हैं। समितियों द्वारा प्रतिदिन पंडालों में आकर्षक साज-सज्जा की जा रही है, जिससे इन स्थानों की सुंदरता देखते ही बन रही है। गणेश प्रतिमाओं के दर्शन के लिए नगरवासी बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

भगवान गणपति की भक्ति में लीन नर्मदांचल

नर्मदापुरम। शहर की फौजदार कॉलोनी, रसूलिया में विगत वर्षों की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी साईं उत्सव समिति द्वारा भगवान श्री गणपति की प्रतिमा विधि-विधान एवं भक्तिमय वातावरण में स्थापित की गई।समिति के उपाध्यक्ष कान्हा सिंह सोलंकी एवं अध्यक्ष कुलदीप वर्मा ने बताया कि साईं उत्सव समिति द्वारा लगातार कई वर्षों से भगवान गणपति की प्रतिमा स्थापित कर गणेश उत्सव मनाया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन विगत कई वर्षों से निरंतर चला आ रहा है, जिसमें कॉलोनीवासियों एवं श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग और उत्साह देखने को मिलता है। गणपति स्थापना के अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 27 सितंबर से



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

पितृपक्ष अवसर पर भव्य संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा एवं सामूहिक मूल पाठ आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन वाटिका गार्डन में 27 सितंबर से तीन अक्टूबर 2026 तक होगा। जिसमें प्रतिदिन ब्राह्मणों द्वारा पितृ तर्पण भी कराए जाएंगे। आयोजन में भागवताचार्य के रूप में आचार्य अविनाश मिश्रा नर्मदापुरम उपस्थित रहेंगे। श्रीमद् भागवत पुराण का मूलपाठ वृंदावन के आचार्यों द्वारा किया जाएगा। पितरों के निमित्त मूलपाठ भी कराए जाएंगे। आयोजन की सूत्रधार भाजपा प्रदेश मंत्री सुश्री राजो मालवीय ने बताया कि यह आयोजक महर्षि याज्ञवल्क्य सनातन कल्याण सेवा समिति नर्मदापुरम द्वारा किया जाएगा। जिसमें दर्जनों यजमानों द्वारा पितृ तर्पण की प्रक्रिया संपन्न होगी। आयोजन की तैयारी वाटिका गार्डन में जारी हैं।

खबर संक्षेप

स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ किया

खरगोन। स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ परियोजना प्रमुख, केशब चंद्र सिंहा राय द्वारा उपस्थित जनसमूह को स्वच्छता की शपथ दिलाने के साथ हुआ। शपथ के माध्यम से स्वच्छता बनाए रखने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता को दोहराया गया। कार्यक्रम में सी. राजीव, महाप्रबंधक (ऑपरेशन एवं एफएम) सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। प्रीति जोशी भारद्वाज, वरिष्ठ प्रबंधक (विधि), ने स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने पखवाड़े से जुड़ी विभिन्न पहलों की जानकारी दी। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए केशब चंद्र सिंहा राय ने स्वच्छता को केवल एक अभियान तक सीमित न रखते हुए कार्यस्थल एवं आसपास के समुदाय में इसे निरंतर व्यवहार और सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाने पर जोर दिया। प्रतिभा सिंह ने स्वच्छता पखवाड़े को सार्थक एवं प्रभावी बनाने में कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता के महत्व को रेखांकित किया। दो सप्ताह तक चलने वाले इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

हर गुरुवार लगेगा हेल्पडेस्क शिविर

हरदा। शासकीय कार्यप्रणाली को अधिक सुगम बनाने के लिए जिला कोषालय हरदा द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की गई है। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी, जिला हरदा रूम सिंह डुडवे ने बताया कि आईएफएमआईएस प्रणाली के संचालन में आने वाली तकनीकी समस्याओं, सर्विस डेस्क टिकट्स, सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए अब प्रत्येक सप्ताह गुरुवार को जिला कोषालय कार्यालय में विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। जिला कोषालय अधिकारी डुडवे ने जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उनके कार्यालय में आईएफएमआईएस संचालन, प्रोफाइल अपडेट, देयक भुगतान, ई-कुबेर अथवा अन्य तकनीकी प्रक्रियाओं से संबंधित जो भी लंबित बिंदु, समस्याएं या ट्रेनिंग की आवश्यकता हो, उन्हें सूचीबद्ध कर लें। शिविर में संबंधित लिपिक अथवा कर्मचारी को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने हेतु निर्देशित करें, ताकि समस्याओं का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया जा सके।

अवैध मदिरा विक्रय के विरुद्ध 6 प्रकरण दर्ज

हरदा। आबकारी विभाग ने शुक्रवार को अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्रवाई की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि विभाग के दल ने हरदा के सकूर कॉलोनी, लाल बहादूर शास्त्री वार्ड बस स्टेण्ड के पास व बड़ी नहर के पास छीपानेर रोड़, ग्राम मुहालकला, कुड़ावा, सक्तापुर तथा मसनगांव में दबिश दी। दबिश के दौरान 14 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब, 11 पाव देसी मदिरा प्लेन, 310 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त कर आबकारी अधिनियम 1915 के तहत 6 प्रकरण दर्ज किए।

4 मतदान केंद्रों के भवनों में किया बदलाव

हरदा। डिप्टी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्वेता बम्होरे ने बताया कि पंचायत उप-निर्वाचन 2026 के लिए खिरकिया विकासखंड के अंतर्गत आने वाले 4 ग्राम पंचायतों के मतदान केंद्रों के भवनों में परिवर्तन किया गया है। ग्राम पंचायत जूनापानी मकड़ाई के मतदान केंद्र क्रमांक 66 जूनापानी मकड़ाई के संबंधित वार्ड क्रमांक 16 से 19 तक के लिए अब नया भवन शासकीय प्राथमिक शाला भवन, सोनपुरा, ग्राम पंचायत सांवरी के मतदान केंद्र क्रमांक 89 सांवरी के संबंधित वार्ड क्रमांक 01 से 04 तक के लिए नया भवन ग्राम पंचायत भवन सांवरी, ग्राम पंचायत गोमगांव के मतदान केंद्र क्रमांक 96 गोम गांव के संबंधित वार्ड क्रमांक 07 से 12 तक के लिए नया भवन ग्राम पंचायत भवन गोमगांव तथा ग्राम पंचायत पीपल्या खुदिया के मतदान केंद्र क्रमांक 139 पीपल्या खुदिया के संबंधित वार्ड क्रमांक 08 से 13 तक के लिए नया भवन ग्राम पंचायत भवन पीपल्या खुदिया बनाया गया है।

कुंदा नदी तट पर 11 हजार दीपों से जगमगाया आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम

जनप्रतिनिधियों व आमजन ने दीप प्रज्ज्वलित कर पीएम मोदी के दीर्घायु व स्वस्थ जीवन के लिए कामना की

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसरः विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन





सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर गुरुवार को कुंदा नदी तट पर आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में आमजन ने सहभागिता कर 11 हजार दीप प्रज्ज्वलित किए। दीपों से जगमगाता कुंदा नदी तट आकर्षण का केंद्र रहा। उपस्थितजनों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने बीते वर्षों में विकास के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति की है। उन्होंने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों—किसान, महिला, मजदूर और युवा सहित सभी वर्गों के लिए योजनाओं के माध्यम से विकास एवं कल्याण के कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं के माध्यम से गरीबी और स्वास्थ्य जैसी चुनौतियों के समाधान की दिशा में भी निरंतर कार्य किया जा रहा है।

विधायक पाटीदार ने कहा कि अधोसंरचना के क्षेत्र में भी देश में व्यापक कार्य हुए हैं। सड़कों के उन्नयन, फोरलेन एवं सिक्सलेन मार्गों के निर्माण, हवाई अड्डों के विस्तार, रेल सुविधाओं के विकास तथा सिंचाई के साधनों के विस्तार से विकास को गति मिली है। उन्होंने कहा कि विश्व व्यापार के क्षेत्र में भी भारत की भूमिका निरंतर बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में दुनिया के विभिन्न हिस्सों में संघर्ष की परिस्थितियां हैं, ऐसे समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की नीतियां एवं विकास कार्य निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। इसी भावना के साथ कुंदा नदी तट पर आयोजित ह्यआशीर्वाद का दियाह्न कार्यक्रम में आमजन ने प्रधानमंत्री शमोदी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए दीप प्रज्ज्वलित किए।

विधायक पाटीदार ने भगवान विश्वकर्मा जयंती का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा को निर्माण एवं शिल्प का देवता माना जाता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भगवान विश्वकर्मा निर्माण के प्रतीक हैं, उसी प्रकार आधुनिक भारत के निर्माण की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक विभिन्न जनसेवा एवं लोककल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन सहित विभिन्न गतिविधियां भी होंगी। उन्होंने नागरिकों से अभियान में सहभागिता कर इसे जनसेवा एवं जनभागीदारी का उत्सव बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान कुंदा नदी तट पर 11 हजार दीपों के प्रज्ज्वलन से वातावरण दीपमालिका से आलोकित हो उठा। जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं आमजन ने सहभागिता कर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस दौरान भव्य आतिशबाजी ने उपस्थित जनों का मन मोहा। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष छाया जोशी, अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौड़, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मिलिंद कुमार नागदेवे, संयुक्त कलेक्टर वीरेंद्र कटारे, डिप्टी कलेक्टर प्रताप कुमार अगास्या, एसडीएम सत्येंद्र बेरवा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।



भाजपा कार्यालय पर 251 दीपो से जगमगाई विकसित भारत की रंगोली

खरगोन। शहर में गुरुवार की रात दीपावली की तरह जगमगाती नजर आई। भाजपा कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ आशीर्वाद दीप जलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन की खुशियां मनाई। इस दौरान कार्यालय परिसर में पीएम मोदी के विकसित भारत संकल्प को दर्शाती पीएम मोदी के चित्र के साथ बनाई विशाल रंगोली के आसपास 251 दीप जलाए गए।इसके अलावा, हर घर, सार्वजनिक स्थलों सहित नदी तट, मंदिर दीपों से रोशन नजर आए। यह आयोजन सेवा संकल्प यात्रा अभियान के तहत किया गया। भाजपा कार्यालय पर जिसने जीवन संवारा उसे आशीर्वाद हमारा.. ओर नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, का नारा भी बुलन्द किया गया।जिला उपाध्यक्ष शम्भूसिंह मनहर ने कार्यकर्ताओ को पीएम के जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकसित हो रहा है। उनके नेतृत्व में देश का हर वर्ग खुशहाली की राह पर है। यही कारण है कि आज पीएम के जन्मदिन की खुशियां केवल भाजपा कार्यकर्ता ही नही मना रहे, बल्कि आमजन, व्यापारी, किसान, हितग्राही सभी उत्सव के रुप में पीएम का जन्मदिन मना रहे है। उपाध्यक्ष प्रभा राठौर, उपाध्यक्ष शालिनी रतोरिया, जिला कार्यालय मंत्री विजय पटेल, जिला मंत्री अनुराग दांगी, जिला मीडिया प्रभारी कांतिलाल कर्मा, आईटी सेल जिला संयोजक शुभम जायसवाल, मण्डल अध्यक्ष अभिलाष अत्रे मौजूद रहे।

सेवा संकल्प अभियान

पीएम मोदी का जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ताओं सहित छात्र-छात्राओं ने रक्तदान कर मनाया



खरगोन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र सेवाकाल के 25 वर्ष की लंबी यात्रा को भारतीय जनता पार्टी सेवा संकल्प यात्रा के रुप में मना रही है। एक माह के इस सेवा संकल्प अभियान की शुरुआत पीएम मोदी के जन्मदिन याने गुरुवार से की गई। प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर भाजपा ने जिलेभर में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया। इनमें भाजपा कार्यकर्ताओं सहित आमजन, युवाओं, छात्र-छात्राओं ने उत्साह से शामिल होकर दूसरों का जीवन बचाने अपना अमूल्य रक्तदान किया। इन शिविरा में शिविरों में पहुंचकर रक्तदाताओं का भाजपा जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे और कलेक्टर गुरुप्रसाद ने प्रमाण-पत्र देकर आभार जताया। रक्तदाताओं में छात्राएं खासकर पहली बार रक्तदान करने वाली युवतियां भी आगे रही। यह शिविर जिला प्रशासन के सहयोग से जिला अस्पताल, स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी में आयोजित किए गए। इन शिविरों में भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे ने भी शामिल होकर रक्तदाताओं का आभार जताते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। शिविर के दौरान कलेक्टर गुरुप्रसाद, एसडीएम सत्येंद्र बैरवा भी जिला अस्पताल एवं अभ्युदय विश्वविद्यालय पहुंचे और रक्तदाताओं का आभार जताते हुए उन्हें सर्टिफिकेट वितरित किए। श्रीमती ब्राह्मणे ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन है और मैं उन्हें बधाई देती हूं।

रहटगांव में आशीर्वाद का दीप प्रज्वलित किया



रहटगांव। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल रहटगांव द्वारा आशीर्वाद का दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों एवं नगर के वरिष्ठ नागरिकों ने सहभागिता की। इस अवसर पर भाजपा रहटगांव मंडल अध्यक्ष संतोष गौर, मंडल महामंत्री रामकृष्ण सोलंकी एवं दिनेश चावड़ा, मंडल कोषाध्यक्ष श्रीराम चौहान, मंडल उपाध्यक्ष हंसराज सोनी, कार्यालय मंत्री संजय लोनिया, बूथ अध्यक्ष दीपक गौर एवं निलेश गौर, मीडिया सदस्य धर्मेंद्र यादव, मंडल संयोजक जयदीप राठौर, बूथ अध्यक्ष राहुल पवार एवं अनिल अंडारिया सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं नगर के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने सेवा एवं समर्पण की भावना के साथ अभियान में सहभागिता की।

भारतीय मजदूर संघ ने मनाई भगवान विश्वकर्मा जयंती



हरदा। भारतीय मजदूर संघ हरदा के तत्वावधान में भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती एवं राष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में श्रमिक भाइयों-बहनों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धन्नालाल दोगने, विभाग संघचालक नर्मदापुरम विभाग, मुख्य वक्ता मधुकर साबले, प्रदेश कार्य समिति सदस्य भारतीय मजदूर संघ मध्य प्रदेश तथा अतिथि जितेन्द्र सोनी, विभाग प्रमुख भारतीय मजदूर संघ नर्मदापुरम विभाग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुकेश धामन्दे, जिलाध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ हरदा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री विश्वकर्मा के पूजन एवं वंदन के साथ हुआ। वक्ताओं ने भगवान विश्वकर्मा के जीवन, श्रम की महत्ता तथा राष्ट्र निर्माण में श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रम, कौशल और सृजन भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण परंपराएं हैं तथा भगवान विश्वकर्मा जी समस्त निर्माण एवं सृजन के प्रतीक हैं।

मुख्य वक्ताओं ने श्रमिकों के अधिकारों, कर्तव्यों एवं सामाजिक दायित्वों पर भी अपने विचार रखे तथा भारतीय मजदूर संघ हरदा के जिला मंत्री श्री प्रबल पंवार ने संगठन को मजबूत बनाने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित श्रमिक बंधुओं एवं बहनों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं श्रमिक उपस्थित रहे। भारतीय मजदूर संघ के जिला उपाध्यक्ष मुकेश निकुम एवं रामशंकर बुनकर, भागीरथ भाटी, उपेंद्र कलोशिया, बरजोर सेठमने, वीरेंद्र भाटी, सहित संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

बिजलवाड़ा सिंचाई परियोजना की मांग, किसानों ने रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या



बिजलवाड़ा सिंचाई परियोजना के अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा करने की मांग को लेकर गुरुवार को भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में किसानों ने झिरन्या नगर में रैली निकालकर तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

इस आंदोलन में क्षेत्र के करीब 400 किसान एवं ग्रामीण शामिल हुए। किसानों ने ज्ञापन में बताया कि झिरन्या तहसील के अंतर्गत आने वाले कई गांवों में बिजलवाड़ा सिंचाई परियोजना का निर्माण कार्य आज भी अधूरा पड़ा है। कई गांवों में तो केवल 30 से 40 प्रतिशत तक ही नहर और वितरण प्रणाली का काम हो पाया है, जिससे किसानों को सिंचाई सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है और खेती प्रभावित हो रही है। किसानों ने मांग की है कि परियोजना के सभी लंबित कार्यों की समीक्षा कर विशेष टीम लगाई जाए और समय-सीमा तय कर निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए। ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने यह भी मांग उठाई कि परियोजना से प्रभावित किसानों का जो मुआवजा आज तक लंबित है, उसका नियमानुसार तत्काल भुगतान किया जाए। इसके साथ ही रबी सीजन को देखते हुए कृषि कार्यों के लिए पर्याप्त एवं नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और ग्रामीण क्षेत्रों में जले हुए ट्रांसफार्मरों को 48 घंटे के भीतर बदला जाए। किसानों ने मंडी व्यवस्था में सुधार की मांग करते हुए कहा कि कृषि उपज मंडी में तौल और भुगतान की प्रक्रिया पारदर्शी बनाई जाए, किसानों से की जा रही अवैध वसूली पर रोक लगाई जाए और समर्थन मूल्य पर खरीदी को सुचारू किया जाए, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर सड़कों की मरम्मत और पेयजल संकट जैसी मूलभूत समस्याओं का भी शीघ्र निराकरण किए जाने की मांग की गई। इस दौरान सोनखेड़ी, चैनपुर, नानकोड़ी, ईरपुर, साईखेड़ा, बाईखेड़ा, मरूगढ़, रुफाटा, रेडफल, शिवना, टेड सहित आसपास के अनेक गांवों के किसान मौजूद रहे। आंदोलन में प्रांत युवा वाहिनी प्रमुख श्याम सिंह पवार, जिला उपाध्यक्ष गजानंद बांके, जिला मंत्री वासुदेव चौधरी, मीडिया प्रभारी नितेश सिंह मौर्य, राधेश्याम पटेल, दादू सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी शामिल हुए।

गणेश उत्सव में श्रद्धालुओं को गंदे पानी से गुजरना पड़ रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



ग्राम के मुख्य मार्ग पर शंकर मंदिर के सामने लंबे समय से जलभराव की समस्या बनी हुई है। सड़क पर पानी भरा रहने से ग्रामीणों और राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

गणेश उत्सव के दौरान मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को भी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार मंदिर के सामने सड़क पर पानी जमा रहने से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी होती है। लगातार पानी भरे रहने से सड़क खराब होने के साथ ही गंदगी और संक्रमण का खतरा भी बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द जल निकासी की उचित व्यवस्था कराने तथा मंदिर के सामने से जलभराव हटाने की मांग की है।

उनका कहना है कि धार्मिक स्थल होने के कारण यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं, इसलिए समस्या का शीघ्र निराकरण आवश्यक है। इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव रेवाराम शर्मा ने बताया कि पानी की निकासी के लिए सड़क के साइड में पाइप दबाया गया था, लेकिन बड़े वाहनों के दबाव के कारण पाइप दब गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही नालियों की सफाई कर जमा पानी की निकासी कराई जाएगी तथा जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए उचित व्यवस्था की जाएगी।

बालागांव में कई जगह बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें, अंधेरा व्याप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



ग्राम बालागांव में कई स्थानों पर बिजली के खंभों पर लगी स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से बंद पड़ी हैं। शाम होते ही गांव के कई हिस्सों में अंधेरा छा जाता है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गणेश उत्सव के दौरान गांव में जगह-जगह धार्मिक आयोजन और कार्यक्रम हो रहे हैं, ऐसे में रात के समय लोगों की आवाजाही भी बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त कराने के लिए संबंधित जिम्मेदारों को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ।

अंधेरे के कारण लोगों को परेशानी के साथ दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। धार्मिक आयोजनों में शामिल होने वाले महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को विशेष रूप से दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों ने पंचायत से मांग की है कि गांव में बंद पड़ी सभी स्ट्रीट लाइटों की जांच कराकर उन्हें जल्द दुरुस्त कराया जाए तथा जिन लाइटों में सुधार संभव नहीं है, उन्हें बदलकर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की जाए। इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव रेवाशंकर शर्मा ने बताया कि स्ट्रीट लाइटों के सुधार के लिए मैकेनिक को बुलाया जाएगा और जल्द ही खराब लाइटों को दुरुस्त कराया जाएगा। कुछ लाइटें वारंटी अवधि में हैं, उन्हें बदलवाया जाएगा।

ग्राम मसनगांव में मुख्यमंत्री जन विश्वास संवाद शिविर आयोजित

हितग्राहियों को मिले हितलाभ, आमजन की समस्याओं का किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



सेवा संकल्प अभियान के तहत मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को हरदा विकासखण्ड के ग्राम मसनगांव में क्लस्टर स्तरीय संवाद शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को हितलाभ प्रदान किये गये। साथ ही आमजन की समस्याओं का निराकरण किया गया। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शनसिंह गेहलोत, कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, पुलिस अधीक्षक शशांक, वनमण्डलाधिकारी ज्योति मुड़िया, अपर कलेक्टर अनुपमा चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित मिश्रा, जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे। शिविर में 310 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनका समय सीमा में निराकरण कराया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री गेहलोत ने कहा कि हमारे जीवन से जुड़ी जो भी समस्याएं है, वे किसी न किसी विभाग से जुड़ी हुई है। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आयोजित शिविरों में नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। साथ ही पात्र हितग्राहियों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। आमजन से अपेक्षा है कि इस अभियान का लाभ उठाएं। शिविर के माध्यम से शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पहल की गई। इसके अलावा लोक सेवा ग्यारंटी अधिनियम के तहत 37 हितग्राहियों को जाति प्रमाण-पत्र, संबल अनुग्रह सहायता योजना के तहत तीन हितग्राही सेवंतीबाई, द्वारका बाई व विक्रम गौंड को अनुग्रह सहायता राशि के स्वीकृति प्रदान किये गये। शिविर में लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत केशरी मालवीय व विहा पाटिल को लाड़ली योजना के प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये। क्लस्टर स्तरीय शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने विभागों में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी नागरिकों को दी। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के स्टाल भी लगाये गये थे। साथ ही आधार कार्ड पंजीयन शिविर, स्वास्थ्य शिविर, फार्मर आईडी बनाने हेतु राजस्व शिविर भी आयोजित किये गये थे। जन विश्वास कार्यक्रम में उद्योग विभाग द्वारा उद्यम संवाद कार्यक्रम के तहत उद्यमियों से संवाद किया गया। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने शासन की महत्वाकांक्षी योजना ह्यस्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन- 2026 के अंतर्गत आयोजित शिविर का निरीक्षण कर वहां उपस्थित कर्मचारियों से पंजीयन कार्य की स्थिति की जानकारी ली।

राशन वितरण में गड़बड़ी, सेल्समैन को हटाया

जनविश्वास अभियान अंतर्गत कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने शुक्रवार को ग्राम कड़ोला उबारी में प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में उपस्थित विद्यार्थियों व शिक्षकों से चर्चा कर अध्ययन-अध्यापन एवं शैक्षणिक व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ग्रामीणों से चर्चा के दौरान आधार संबंधी शिकायतें प्राप्त होने पर कलेक्टर ने ग्राम में आधार शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्वामित्व योजना के अंतर्गत आयोजित होने वाले शिविरों के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी देने तथा व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने ग्राम की आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण कर वहां पोषण आहार एवं वितरण व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने जिले की समस्त आंगनबाड़ियों में पोषण आहार वितरण की व्यवस्था का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी को दिए। इसके बाद कलेक्टर ने ग्राम की उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण किया। उन्होंने दुकान में उपलब्ध राशन की स्थिति, वितरण व्यवस्था एवं हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण की जानकारी ली यहां राशन वितरण की स्थिति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर सेल्समैन को हटाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने ग्राम मसनगांव मे भी उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण किया।